प्रसार भारती

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

14.03.2026 / प्रादेशिक समाचार / 15.00बजे

उपराष्ट्रपति

उप–राष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने आज केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला के दीक्षांत समारोह में 12 मेधावी विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक और 5 सौ 24 विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान की। समारोह को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने देश के समावेशी विकास पर बल दिया। उन्होंने कहा कि विकास की प्रक्रिया में किसी भी राज्य या समाज के किसी भी वर्ग को पीछे नहीं छोड़ा जाना चाहिए। विकसित भारत 2047 के विज़न का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इस लक्ष्य को साकार करने में छात्र व युवा सबसे महत्वपूर्ण हितधारकों में से एक हैं। उपराष्ट्रपति ने इस बात पर भी बल दिया कि वर्तमान समय में विश्वविद्यालयों को फैकल्टी विकास को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। हिमाचल को देव भूमि और वीरभूमि बताते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि इस राज्य ने देश की सशस्त्र सेनाओं में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इससे पहले उन्होंने धर्मशाला स्थित युद्ध स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि भी अर्पित की।

भाजपा

भारतीय जनता पार्टी की एक विशेष बैठक आज पालमपुर में आयोजित की गई जिसमें कई मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया। इस बैठक में पार्टी प्रभारी श्रीकांत शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष विपिन परमार और राज्य सभा सांसद सिकंदर कुमार सहित अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। अपने संबोधन में श्रीकांत शर्मा ने कांग्रेस पर जनता को गुमराह करने की राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस एक षडयंत्रकारी पार्टी है और भाजपा उसके हर षडयंत्र का पर्दाफाश करने का काम करेगी। इस दौरान विपिन परमार ने कहा कि भाजपा संविधान के मार्ग पर चलते हुए देश को एक सूत्र में पिरोने का कार्य कर रही है।

एलपीजी

भारत पेट्रोलियम ने देश भर में निर्बाध और विश्वसनीय एल.पी.जी. आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्धता दोहराई है। कंपनी का मजबूत वितरक नेटवर्क निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित कर रहा है, जिससे घरेलू रसोई के लिए गैस की कमी नहीं हो रही है। सोशल मीडिया पोस्ट में, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने कहा कि ऊर्जा पारिस्थितिकी तंत्र में समन्वित प्रयासों से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि उपभोक्ताओं को बिना किसी रुकावट के सिलेंडर मिलते रहें।

डीसी–सोलन

सोलन प्रशासन ने ज़िले में घरेलू गैस सिलेंडरों की किसी भी तरह की कमी से इंकार किया है। उपायुक्त मनमोहन शर्मा ने बताया कि ज़िले में घरेलू गैस सिलेंडरों की आपूर्ति पहले की तरह सामान्य रूप से हो रही है। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम को कालाबाजारी रोकने के निर्देश दिए गए हैं ताकि किसी भी तरह की पैनिक की स्थिति न बने।

एलपीजी–चंबा

उधर चंबा के उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने कहा है कि चम्बा में घरेलू रसोई गैस, पेट्रोल व डीज़ल का पर्याप्त भंडार मौजूद है और नियमानुसार इन आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति उपभोक्ताओं को की जा रही है। उन्होंने लोगों से इस सम्बन्ध में भ्रामक प्रचार से बचने की अपील की है।

इस समय किसी भी प्रकार पैनिक या होर्डिंग करने की आवश्यकता नहीं है। आप निश्चिंत रहे। हमारे पास सप्लाई सफिशैंट है और रैगुलरली जो हमारा स्टॉक है वो भी रिफिल जो हमारी पैट्रोलियम कंम्पनीज है उनक माध्यम से हो रहा है। आगे भी वी आर शेओर की रैगुलर सप्लाई लोगों तक पहुंचती रहेगी।

स्कीईंग कोर्स

लाहौल स्पीति के त्रिलोकनाथ में एलिमेंटरी स्कीईंग कोर्स का समापन समारोह 16 मार्च को आयोजित किया जाएगा। इस कोर्स का आयोजन स्की–क्लब त्रिलोकनाथ और लाहौल स्पीति विंटर स्पोर्टस एंड एलाईड स्पोर्टस एसोसिएशन द्वारा किया गया है। इसका उद्देश्य युवाओं को शीतकालीन खेलों से जोड़ना और हिमालयी क्षेत्रों में स्कीईंग जैसे साहसिक खेलों को बढ़ावा देना है। समापन समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षुओं को विशेष पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।